माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

पत्रांकः– 109 /शोध0/एम0एस0यू0/2024–25 दिनांकः– 16/04/25

कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के शोध पाठ्यक्रम सत्र 2022–23 प्री0पीएच0डी0 कोर्स वर्क में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से ऐसे अभ्यर्थी जो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्री0पीएच0डी0 कोर्स वर्क की परीक्षा में किसी कारणवश सम्मिलित नही हो पाए या कोई पेपर छूट गया हो अथवा किसी एक या अधिक पेपर में अनुतीर्ण है। ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा भेजे गए प्रार्थना–पत्र एंव छात्र हित को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभ्यर्थियों की विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ परीक्षा आयोजित करायी जानी है। परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.msuniversity.ac.in पर ऑन–लाइन (online) भरे जाने है।

उक्त परीक्षाओं हेतु फार्म भरने एवं विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु तिथिवार विवरण निम्न प्रकार हैः–

ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथिवार विवरणः–		**निर्धारित तिथि**
1. छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाइट पर ऑन–लाइन भरने एंव ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथिः	......	16.04.2025
2. छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाइट पर ऑन–लाइन भरने एंव ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथिः	....	20.04.2025
3. छात्रों के द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑफ–लाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय शोध विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथिः	....	22.04.2025

नोट– 01. कृपया यह भी सुनिश्चित कर ले की अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जायेगा।

02. परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ–साथ समस्त सत्यापित अभिलेख(परीक्षा फार्म, फीस रसीद , पी0जी0 अंकतालिका, नेट/जे0आर0एफ0 प्रमाण पत्र यदि है तो) प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में समस्त उत्तरदायित्व परीक्षार्थी का होगा।

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. शोध समन्वयक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
02. समस्त कोर्स वर्क समन्वयक, प्री0 पीएच0डी0 कोर्स वर्क 2022–23 माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
03. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
05. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ
06. उपकुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा) को सूचनार्थ।
07. प्रभारी, (अतिगोपन/रिजल्ट सेल) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
08. समस्त मुख्य सम्पादक दैनिक समाचार–पत्र को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को अपने समाचार –पत्र में छात्र हित हेतु निःशूल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियन्त्रक